स्वास्थ्य विभाग
बिहार सरकार

# मस्तिष्क ज्वर

## (AES / जापानी इंसेफलाइटिस / दिमागी बुखार / चमकी बुखार)

**मस्तिष्क ज्वर एक गंभीर बीमारी है जो ससमय इलाज से ठीक हो सकता है। अत्यधिक गर्मी एवं नमी के मौसम में यह बीमारी फैलती हैं। 1 से 15 वर्ष तक के बच्चे इस बीमारी से ज्यादा प्रभावित होते हैं।**

### मस्तिष्क ज्वर के लक्षण

- सरदर्द, तेज बुखार आना जो 5-7 दिनों से ज्यादा का ना हो
- अर्द्ध चेतना एवं मरीज में पहचानने की क्षमता नहीं होना/ भ्रम की स्थिति में होना / बच्चे का बेहोश हो जाना
- शरीर में चमकी होना अथवा हाथ पैर में थरथराहट होना
- पूरे शरीर या किसी खास अंग में लकवा मार देना या हाथ पैर का अकड़ जाना
- बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक संतुलन ठीक नहीं होना

**उपरोक्त लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखने पर अविलम्ब अपने गाँव की आशा/ए.एन.एम. दीदी से संपर्क कर अपने सबसे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सीय परामर्श लें। इसके उपरांत ही सदर अस्पताल/ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बच्चों को इलाज हेतु ले जायें।**

**ध्यान दें:-** चिकित्सीय परामर्श में विलंब के कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है।


**राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार**
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014